कॉल सेंटर की आड़ में लोगों से ऑनलाइन रकम ठगने वाले 25 युवक-युवती गिरफ्तार

राजधानी में मुहाना और सोड़ाला थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई कर आरोपियों को दबोचा



मुहाना और सोडाला थाना पुलिस ने रविवार को फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी कर साइबर ठगी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

- मुहाना इलाके में कम्प्यूटर सेंटर की आड़ में कॉल सेंटर खोल ग्लोबल सॉल्यूशन के नाम से ऑनलाइन ठगी कर रहे थे आरोपी
- आरोपी ग्लोबल सॉल्यूशन के जरिए 1 हजार 945 रुपए में 100 प्रकार की सेवाएं देने का दावा करते थे।
- सोडाला स्थित ऑर्बिट मॉल में संचालित था दूसरा कॉल सेंटर

जयपुर (कासं)। राजधानी के मुहाना और सोडाला इलाको में कम्प्यूटर सेंटर की आड़ में कॉल सेंटर खोल कर ग्लोबल सॉल्यूशन के नाम से ऑनलाइन ठगी करने वाले साइबर गिरोह का खुलासा कर पुलिस ने पच्चीस युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में इन लोगों ने देश में लाखों लोगों से ग्लोबल सॉल्यूशन के नाम से ऑनलाइन ठगी करने की बात स्वीकार की है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर साउथ योगेश गोयल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से मिले इनपुट के बाद रविवार को दक्षिण जिला पुलिस ने मुहाना और सोडाला इलाके पर दबिश देकर कॉल सेंटरों पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई मुहाना इलाके में की गई। यहां से पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के मास्टरमाइंड जीतू सिंह, विक्रम चौधरी, जय प्रकाश, दीपक शर्मा, राधेश्याम वर्मा, गुड्डु सिंह, पवन बैरवा, आरती पटेल, भारती पटेल, आशा, सोनिया, किरण कंवर, प्रिया शर्मा, रेखा कुमावत, सिया वर्मा, रिया वर्मा, भूमिका सैनी, सविता राठौड़, सुष्मिता राठौड़ और प्रिया राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपित जयपुर के रहने वाले है। वहीं, मास्टर माइंड जीतू के दो साथी आरिफ और मोहित वर्मा की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 48 कम्प्यूटर, 30 मोबाइल फोन, सिम कार्ड, वीजा कार्ड, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, बार कोड, 6 लैपटॉप बरामद किए हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में इन बदमाशों ने बताया कि यह लोग देशभर में ग्लोबल सॉल्यूशन के नाम से ऑनलाइन ठगी करते हैं। इन लोगों ने ग्लोबल सॉल्यूशन के नाम से गूगल में रजिस्ट्रेशन करवा रखा हैं। आरोपी ग्लोबल सॉल्यूशन के जरिए 1 हजार 945 रुपए में 100 प्रकार की सेवाएं देने का दावा करते थे। इसमें ऑनलाइन आधार कार्ड बनाना, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाना, ई-मित्र की सभी प्रकार की सेवाएं, क्रेडिट-डेबिट कार्ड को बंद और शुरू करना, बिजली, पानी, मोबाइल, डीटीएच रिचार्ज करने का दावा किया करते थे।

हर व्यक्ति इतनी कम कीमत में सभी सेवाएं मिलने पर इन लोगों के चंगुल में फंस जाता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि जीतू,आरिफ और मोहित वर्मा ने मिल कर यह काम शुरू किया था। पुलिस छापेमारी के दौरान पुलिस ने जीतू को पकड़ा, लेकिन उसके दो अन्य साथी मोहित वर्मा और आरिफ भाग निकले। उनकी तलाश की जा रही हैं।

वहीं दूसरी कार्रवाई सोडाला इलाके में स्थित ऑर्बिट मॉल में की गई। जहां से फिरोज खान, अली शेर, मोहम्मद सहूद, औसामा नकवी और अजय शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपित जयपुर निवासी है। मौके से पुलिस ने 8 कंप्यूटर, 8 मोबाइल, एक लैपटॉप जब्त किया। पुलिस टीम सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

डीजी साइबर अपराध रवि प्रकाश ने बताया कि साइबर अपराधों में एक्टिव मोबाइल सिम को निरंतर बंद किया जा रहा है। अब तक राजस्थान पुलिस 2 लाख 4 हजार 760 सिम, 2 लाख 16 हजार 627 आईएमईआई नंबर ब्लॉक करवा चुकी है। वहीं 26 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि पीड़ितों के खाते में दोबारा से डाल चुकी है। निरंतर साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस एक्शन ले रही हैं।

'टॉक शो' में सिनेमा और समाज से रूबरू हुए दर्शक

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल रविवार को ऑस्कर चयनित मलयालम फिल्म, एवरीवन इज ए हीरो से गुलजार रहा।

जयपुर। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) 2024 के दसवें संस्करण का दूसरा दिन ऑस्कर चयनित मलयालम फिल्म, एवरीवन इज ए हीरो से गुलजार रहा। केरल में आई बाढ़ पर बेस्ड फिल्म में निर्देशक जूड एंथनी जोसेफ एंड टीम ने प्राकृतिक आपदा पर इंसानी जीत को फिल्माया है।

रिफ में चयनित 66 फिल्मों में से एक 2018 : एवरीवन इज ए हीरो, फिल्म को जयपुराइट्स के लिए फिर से प्रदर्शित किया गया। जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित, फिल्म में टोविनो थॉमस, कुंचाको बोबन, आसिफ अली, विनीत श्रीनिवासन, नारायण और लाल मुख्य भूमिका में हैं। खास बात यह है कि 2002 में लगान के बाद से किसी भी भारतीय एंट्री को ऑस्कर में बेस्ट अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए नॉमिनेशन नहीं मिला है। 2023 में रिलीज फिल्मों के लिए 96वां ऑस्कर 10 मार्च 2024 को लॉस एंजिल्स में आयोजित किया जाएगा। रिफ 2024 में मनोज वाजपेयी अभिनीत फिल्म गुलमोहर ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। फिल्म में एक रईस परिवार की कहानी है। खास बात है कि शर्मिला टैगोर ने फिल्म गुलमोहर के जरिए 13 साल बाद अभिनय की दुनिया में कमबैक किया है। रिफ के दूसरे दिन सवाईमान सिंह अस्पताल की डॉक्टर मालती गुप्ता निर्देशित म्यूजिक वीडियो एलबम वाटर एंड फायर की भी स्क्रीनिंग की गई। फेस्टिवल में दूसरे दिन हिंदी, अंग्रेजी, मलयालम, तेलगू, संस्कृत, कन्नड भाषा की 13 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई। प्रदर्शित हुई फिल्मों में 7 फीचर फिल्म, 3 शॉर्ट फिल्म, एक डॉक्यूमेंट्री, एक एनिमेशन फिल्म के साथ एक म्यूजिक वीडियो एलबम की स्क्रीनिंग की गई। सिनेमा और समाज की थीम पर आयोजित हुए ओपन फॉर्म में फीचर फिल्म मन बहका के डायरेक्टर राघव पिल्लुलटा, अभिनेता इशान आनंद, डॉक्यूमेंट्री फिल्म दादी: यशोदा मां का पुर्नजन्म के निर्देशक हेमंत भाटी शामिल रहे।

धरने व अनशन पर बैठी महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ी

जयपुर। राजधानी के झालाना स्थित सीफू कार्यालय परिसर में नर्सिंग,फार्मासिस्ट पैरामेडिकल का नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले 11 दिनों से चल रहा धरना रविवार को भी जारी रहा। आज अनशन पर बैठी कोटा की महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ने पर उसे एंबुलेंस से एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। नर्सिंग फार्मासिस्ट व पैरामेडिकल भर्ती-2023 संघर्ष समिति के उदय सिंह मीना ने बताया कि सोमवार को पूरे राजस्थान के चिकित्सा विभाग के समस्त कैडर के संविदाकर्मियों द्वारा धरने में शामिल होने व समर्थन देने के लिए सामूहिक अवकाश लिया गया है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित होंगी। इस दौरान सीफू पर चल रहा धरना प्रदर्शन एक विशाल जनसभा और रैली का रूप लेगा। इस दौरान हमारी माँगो को नहीं सुना और समाधान के लिए कोई डेलीगेसन नहीं बुलाया तो संघर्ष समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य भवन व विधानसभा का भी घेराव किया जायेगा।

स्कूटी सवार की मौत

जयपुर। एयरपोर्ट के नजदीक बी-टू-बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार अलवर गेट निवासी नेपीयर ने मामला दर्ज करवाया कि उसका बेटा स्कूटी से बाजार जा रहे था, तभी किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

'स्मोक फूड' के कारण पेट के कैंसर रोगियों की संख्या में तेजी से वृद्धि

खान-पान की गलत आदतों से दो दशकों में भारत में तेजी से बढ़ रही कोलोरेक्टल कैंसर रोगियों की संख्या

- डॉक्टर्स का कहना है कि "पारम्परिक खान-पान और उन्हें बनाने के देशी तरीके अपनाने का ट्रैंड शुरू हों"

जयपुर। भारत में जिस तेजी से वेस्टर्न वर्ल्ड के खाने-पीने की आदतों को अपनाना शुरू किया है, उसी तेजी से भारत में कोलोरेक्टल कैंसर रोगियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। एक सामान्य भारतीय परिवार भी सप्ताह में 1 से 2 बार होटल, रेस्त्रां या स्ट्रीट फूड खाना पसंद करता है। साथ ही स्मोक और ग्रिल किया हुआ भोजन (बाब्रिक्यू) खाना पसंद करता है, जो कि नुकसानदायक होता है। यह कहना है कोयंबटूर के जीआई सर्जन डॉ. एस राजपांडियन का। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में चल रही इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस बीएमकॉन कोर (-8) दौरान देश-विदेश से आए कोलोरेक्टल कैंसर के विशेषज्ञों की ओर कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई।

कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ शशिकांत सैनी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के पहले दिन पांच लाइव सर्जरी की गई, जिनका आरआईसी में लाइव टेलीकास्ट किया गया। देश के ख्याति प्राप्त जीआई सर्जन की ओर से एडवांस सर्जिकल प्रोसिजर के बारे में बताया गया। इसके साथ ही करीब 18 सेशन आयोजित हुए जिसमें यूएसए के डॉ. पारूल शुक्ला, मुंबई के डॉ. अवनीश सकलानी, अहमदाबाद से डॉ. जगदीश एम कोठारी, पुणे से डॉ. अमोल बापे और श्रीनगर से डॉ शबनम बशीर ने शामिल हुए।

कॉन्फ्रेंस के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल एस आर मेहता, एवीएसएम, वीएसएम, पीएचएस, डायरेक्टर, जनरल मेडिकल सर्विसेज आर्मी (रिटायर्ड) ने कैंसर रोग की पहचान समय पर होने पर जोर दिया। बीएमसीएचआरसी की ओर से चलाए जा रहे स्क्रीनिंग कार्यक्रम कैंसर जांच आपके द्वार की प्रषंसा करते हुए उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम को आज के समय में बहुत उपयोगी बताया। उद्घाटन समारोह में आरयूएचएस के वाइस चांसलर डॉ सुधीर भंडारी और उदयपुर के डॉ सीपी जोषी ने कॉन्फ्रेंस के जरिए कॉलोनी और रेक्टल कैंसर विषय पर की जा रही चर्चाओं को महत्वपूर्ण बताया।

कोयंबटूर के जीआई सर्जन डॉ. एस राजपांडियन ने बताया कि सॉलिड टयूमर की पहचान अब लिक्विड बॉयोप्सी के जरिए संभव है। सॉलिड टयूमर की पहचान के लिए बॉयोप्सी आवष्य जांच होती है, लेकिन कई लोगों में इस जांच को लेकर भ्रम है कि बॉयोप्सी से कैंसर छीड जाता है और शरीर में फैल जाता है। ऐसे लोगों की संख्या भी काफी है जो अपने डर से बॉयोप्सी ही नहीं करवाते और उपचार से वंचित रहते है। ऐसे में लिक्विड बॉयोप्सी उनके लिए एक बडी राहत है। इसमें रक्त जांच के जरिए भी कैंसर की पहचान हो सकती है। हालांकि यह टेस्ट महंगा और एडवांस होने के कारण भारत में अभी बहुत ज्यादा प्रचलित नहीं हुआ है।

एसोसिएशन ऑफ कोलोन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप पी. शर्मा ने बताया कि पहले एडवांस स्टेज के कैंसर रोगियों में क्योर रेट (कैंसर मुक्त होने वाले रोगियों का प्रतिशत) 5 फीसदी था, लेकिन यह अब 40 फीसदी तक पहुंच चुका है। एडवांस सर्जिकल प्रोसेस, इम्युनो थेरेपी जैसे कई नवीनतम उपचार पद्धितयों के कारण यह संभव हो पाया है। लेकिन आज भी लोगों में जागरूकता की कमी है, यही कारण है कि कैंसर रोगी आज भी पहली और दूसरी अवस्था में से ज्यादा तीसरी और चौथी अवस्था में उपचार के लिए चिकित्सक के पास पहुंचते है।

'तंबाकू विक्रेता लाइसेंसिंग से राजस्थान सरकार को मिल सकता है 14 हजार करोड़ का राजस्व'

'वर्तमान में तम्बाकू उत्पादों से प्रदेश सरकार को सालाना 400-500 करोड़ रुपए मिल रहे हैं'

'तम्बाकू नियंत्रण में नवाचार की आवश्यकता' विषय पर रविवार को कार्यशाला हुई।

- तम्बाकू विक्रेता लाइसेंसिंग सिस्टम लागू होगा तो दुकानें सीमित होंगी, बच्चों तक तंबाकु उत्पाद आसानी से नहीं पहुंच सकेंगे। विक्रेता भी बच्चों को तम्बाकू उत्पाद नहीं बेच पाएंगे : राकेश गुप्ता

जयपुर। तम्बाकू विक्रेता लाइसेंसिंग के माध्यम से राजस्थान सरकार को कर के रूप में भारी राजस्व मिल सकता है। तंबाकू मुक्त राजस्थान अभियान के समन्वयक राजन चौधरी ने कहा कि वर्तमान में राजस्थान सरकार को तम्बाकू उत्पादों से वार्षिक कर के रूप में 400-500 करोड़ रुपए मिल रहे हैं, जो तम्बाकू विक्रेताओं को लाइसेंस देने के बाद बढ़कर 14 हजार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष हो जाएगा।

चौधरी ने रविवार को आयोजित जयपुर में एक होटल में तम्बाकू नियंत्रण में नवाचार की आवश्यकता पर राज्यस्तरीय मीडिया कार्यशाला में मीडिया बंधुओं को संबोधित किया। इसे राजस्थान तंबाकू मुक्त एलायंस (राजतोफा) और एसआरकेपीएस के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस और लंग डिजीजेस (द यूनियन) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।

उन्होंने कहा कि तम्बाकू विक्रेताओं के लिए शराब विक्रेताओं की तरह एक लाइसेंसिंग सिस्टम होना चाहिए। शराब से राज्य सरकार को वार्षिक 17 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हो रहा है। तम्बाकू उत्पादों से सरकार को केवल 400-500 करोड़ रुपए का राजस्व प्रतिवर्ष प्राप्त हो रहा हैं, उन्होंने कहा कि राज्य में तम्बाकू उत्पादों की अधिकतम बिक्री कालाबाजारी के माध्यम से हो रही है। राजस्थान में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री लगभग 50 हजार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष है और सरकार 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ 14 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त कर सकती है।

अभियान के समन्वयक राजन चौधरी ने कहा कि 2009 में राजस्थान म्युनिसिपालिटी एक्ट में विक्रेता लाइसेंसिंग के लिए कानून और नियम हैं। विक्रेता लाइसेंसिंग सीकर में शुरू हो चुका है, जबकि नागौर, झुंझुनू और अलवर में इस पर कार्रवाई हो रही है। तंबाकू विक्रेताओं के लिए जयपुर ग्रेटर नगर निगम और जयपुर हैरिटेज नगर निगम द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। तम्बाकू विक्रेता लाइसेंसिंग से स्थानीय निकायों को राजस्व मिलेगा, नगर निकाय की सीमाओं में तम्बाकू विक्रेताओं की मैपिंग हो सकेगी, सीमित तम्बाकू दुकानों के कारण तम्बाकू उत्पादों का कचरा कम उत्पन्न होगा, युवाओं को तम्बाकू उत्पादों की पहुँच से दूरी बढ़ेगी और कोटपा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की सुनिश्चिता हो पाएगी। उन्होंने कहा कि हाडौती और जयपुर के पान विक्रेता संघ चाहते हैं कि सरकार तम्बाकू विक्रेता लाइसेंसिंग शुरू करे।

राजस्थान कैंसर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने तम्बाकू मुक्त पीढ़ी पर मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तम्बाकू विक्रेता लाइसेंसिंग के द्वारा जनवरी 2011 को जन्मे गए बच्चों को 2029 तक तम्बाकू मुक्त पीढ़ी बनाई जा सकती है। वर्तमान में किशोरों के लिए तम्बाकू आसानी से उपलब्ध है। राजस्थान में प्रतिदिन 300 किशोर तम्बाकू उपभोग करना शुरू करते हैं, जो तम्बाकू के आसान उपलब्धता की वजह से है। विक्रेता लाइसेंसिंग के कारण तंबाकू उत्पाद बेचने की सीमित दुकानें होंगी, बच्चों की पहुंच आसानी से नहीं होगी और विक्रेता भी बच्चों को तम्बाकू उत्पाद नहीं बेच पाएंगे। राजतोफा के अध्यक्ष डॉ. रमेश गांधी ने तम्बाकू उत्पादों के सरोगेट विज्ञापनों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज कल सेलेब्रिटीज मीठी सुपारी, पान मसाला आदि के रूप में इन तम्बाकू उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, और उनके प्रशंसक तम्बाकू का उपभोग करने की आदत में पड जाते हैं। उन्होंने मीडिया से निरंतर तम्बाकू का विरोध करने वाली मजबूत कहानियाँ प्रकाशित करने की अपील की क्योंकि इससे तम्बाकू का उपभोग कम हो सकता है। एसआरकेपीएस के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक भूपेश दीक्षित ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

मुख्य सेक्टर रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग

जयपुर (कासं)। प्रताप नगर सेक्टर-3 में आवासन मण्डल कॉलोनी, बैंक रोड की मुख्य सेक्टर रोड (24 मीटर) से सभी अतिक्रमण हटाकर उसे मुख्य टोंक रोड हाईवे से जोड़ने के लिए स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल को ज्ञापन दिया, जिस पर उन्होंने तत्काल आवासन आयुक्त को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ज्ञापन में बताया गया है कि प्रताप नगर आवासन मण्डल योजना सेक्टर-3 में मान्य लेआउट प्लान की एकमात्र चौडी 24 मीटर सेक्टर रोड पर स्थित है। इस सेक्टर रोड का निर्माण पिछले 30 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। इस कारण सेक्टर-3 व सेक्टर-1 आवासन मण्डल कॉलोनी के लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। दूसरी तरफ सेक्टर रोड की खाली पड़ी भूमि पर लगातार अतिक्रमण बढ़ते जा रहे है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों की समस्याएं सुनने के बाद उन पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में स्थानीय निवासी पृथ्वीराज, कैलाश पारीक, अमित ओझा, अश्वनी मिश्रा, लोकेश पाराशर, आरपी जाट सुरेश माहेश्वरी, राधेश्याम शर्मा, मदनगोपाल वैष्णव, जयशंकर आचार्य उमेश चौहान, बाबूलाल नंदवाना, अनिल जैन, सुरेश पारीक आदि लोग शामिल थे।

सार-समाचार

उल्लेखनीय कार्य करने वाले सम्मानित

जयपुर। स्वराज भारत 24 न्यूज की ओर से राजस्थान गौरव श्री सम्मान समारोह-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान में राजनैतिक, चिकित्सा, समाज सेवा, कला व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। चिकित्सा क्षेत्र में 2023 के बाद.पुन: 2024 के लिए डॉ. हर्ष मिश्रा (आहार और पोषण विशेषज्ञ) को उनके द्वारा बनाए गए डायबिटीज रिवर्सल प्रोग्राम, अर्ली स्टेज के लिए पुरस्कृत किया गया। हवामहल विधायक आचार्य बालमुकुंद आचार्य ने स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर डॉ. डीपी शर्मा की धर्मपत्नी की मौजूदगी में कई प्रशासनिक अधिकारी, उद्यमी और पत्रकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सुभाष शर्मा और पूरी टीम स्वराज भारत 24 को धन्यवाद दिया गया।

ब्यूटी पेंजेंट में डिजाइनर कलेक्शन पेश

जयपुर। ब्यूटी पेजेंट शिमर मिसेज राजस्थान सीजन 3 में मॉडल्स ने गणतंत्र दिवस की थीम पर डिजाइनर कलेक्शन शोकेस किया। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत एंटरप्रेन्योर विमेन ऑर्गेनाइज़ेशन की ओर से सशक्त महिला सशक्त समाज की थीम पर गणतंत्र दिवस पर मॉडल्स का ख़ास फोटोशूट आयोजित किया गया। इस दौरान सभी मॉडल्स ने वाइट ड्रेस पर तिरंगे को सजाया और महिलाओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया। सभी ने फिटनेस, लीडरशिप, एजुकेशन, सीनियर सिटीजन, ऑटिजम और गर्भवती महिलाओं जैसे सामाजिक मुद्दों के क्षेत्र में काम करने की प्रतिज्ञा ली। मॉडल्स का खास लुक मेकअप आर्टिस्ट सुकांक्षा गुप्ता ने किया और मॉडल्स ने इन्द्रलोक साड़ीज के डिज़ाइनर कलेक्शन को शोकेस किया। इस मौक़े पर सीजन फर्स्ट की विनर नेहा विजयवर्गीय व सीजन 2 विनर पूनम गिडवानी मौजूद रही।

बच्चों ने दिखाया चित्रकला का कौशल

जयपुर (कासं)। व्यास सेवा संस्थान एवं उत्कर्ष संस्थान के द्वारा ग्रीन पार्क कॉलोनी में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों को चित्रकला की सामग्री यथा (ड्राइंग कॉपी पेंसिल, रूल ;रबड़ शॉपनर, कलर) आदि संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए। प्रतिभागियों की आयु के अनुसार तीन ग्रुप बनाएं। सभी बच्चों ने राष्ट्रीय ध्वज, मंदिर एवं प्राकृतिक सौंदर्य सीनरी के चित्र बनाएं। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को संस्थान द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल की प्राचार्य, संस्थान के सुभाष चंद्र झा, महेश शर्मा, सुरेश शर्मा, मधु सहाय जोशी, प्राची व्यास, सुनीता जांगिड़उपस्थित रहे। संस्थान के संस्थापक सचिव नरेंद्र कुमार व्यास ने सभी का आभार जताया।

नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया

जयपुर। अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में मानसरोवर के सेक्टर 61 स्थित शिव मंदिर में रविवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। चेयरमैन पारस जैन ने शिविर में उपस्थित रहकर पीड़ितों की जाँच करवाकर उपचार करवाया और लोगों को नि:शुल्क चश्मे बनवाकर वितरित किए। शिविर में कालापानी, मोतियाबिंद, भैंगापन व नासूर की जाँच व उपचार किया गया। इस मौके पर वार्ड के कार्यकर्ता विपिन सिंघल, कमल श्यामनानी, अमन यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नर्सिंग अधिकारी ममता मीना सम्मानित

जयपुर। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में कार्यरत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी ममता मीना को गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया है। ममता मीना अप्रैल 2008 से एसएमएस अस्पताल में लगातर उत्कृष्ट सेवा दे रही है। उन्होंने सर्जरी कैंसर रोमेटोलॉजी चिकित्सालयों में विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दी है। साथ ही निरोगी राजस्थान अभियान को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। ममता मीना को गणतंत्र दिवस पर निर्देशक राजपत्रित डॉक्टर रवि प्रकाश माथुर और निर्देशक डॉ. लोकेश और निर्देशक एड्स डॉ. एस के परमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मीना के सम्मनित होने पर रोमाटोलॉजी विभाग के और नर्सेज नेता मनोज दुब्बी, पूनम रानी, लक्ष्मी वर्मा, निशा सेन व प्रहलाद मीना ने खुशी जाहिर की है।